हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 21 अगस्त 2025

04 भ्रष्टाचार का गढ़ बना परियोजना कार्यालय...



07 ललितपुर गुना चंदेरी रेल लाइन का सपना हो...




## दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान मुनिश्री के प्रतिदिन हो रहे प्रवचन

# संग्रह की प्रवृत्ति से निवृत्ति करना, तभी जीवन में सुख व शांति मिलेगी : मुनि विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा


जिस स्थान का समाज संस्कारित है, वहां धर्म की प्रभावना अपने आप सदैव होती चली जाती है। प्रभावना में भीड़ की आवश्यकता नहीं है, एक व्यक्ति भी धर्म की प्रभावना कर सकता है। समाज व धर्म का छोटा सा कार्य भी जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए यही धर्म की प्रभावना है। हमें संग्रह की प्रवृत्ति से निवृत्ति करना है, उसी से जीवन में सुख व शांति मिलेगी। जीवन में तृष्णा की खाई को हमने खूब भरी पर वहां रिक्त की रिक्त ही रही।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सहभागिता को लेकर दिए गए प्रवचन के दौरान यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने



कहाकि अज्ञान रूपी तिमिर को नष्ट करना यहा प्रभावना अंग है। जिस नगर में मुनि भगवंतो का प्रवेश होता है वहां सारी समाज को उनकी अगवानी करना व उनका ध्यान रखना चाहिए। यही प्रभावना का हेतु बन जाता है। संस्कारित समाज जहां नहीं है, वहां प्रभावना नहीं होती है। समाज में संस्कार है तो बच्चे भी संस्कारित रहेंगे।

उन्होंने कहाकि धर्म कार्यों में कभी पीछे नहीं रहना चाहिए। धार्मिक जुलूस में सभी को जाना चाहिए यहां भी धर्म की प्रभावना है। समाज के कार्यों में सामूहिक रूप से भाग लेने की भावना होना चाहिए। एक-एक बूंद से घड़ा भर जाता है। सभी को धार्मिक कार्य में अपने प्रतिष्ठान बंद करके भाग लेना चाहिए। समाज व संगठन में संपूर्ण समाज को भाग लेने की शिक्षा होना चाहिए। उन्होंने कहाकि धार्मिक जुलूस में अपने घर से नहीं मिलना चाहिए। शोभायात्रा में पद वेश नहीं पहनना चाहिए। समाज सेवा के कार्यों में लगने वालों को अपने सुझाव देना चाहिए की धार्मिक आयोजन को हम कैसे प्रभावी रूप से सफल कर सकते हैं, यह चिंतन होना चाहिए। धर्म प्रभावना में बैंड बाजे व फ्लेक्स की आवश्यकता होने पर ही लगाना चाहिए। शोभायात्रा में अपनी ड्रेस



कोड का भी ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि आपकी ड्रेस कोड भी धर्म की प्रभावना बन सकती है।

मुनिश्री ने कहाकि धार्मिक शोभायात्रा में अनुशासन का ध्यान रखना चाहिए। जुलूस में पंक्ति बद्ध चलना चाहिए इससे भी धर्म की प्रभावना होती है। फोटो के चक्कर में अव्यवस्था नहीं होना चाहिए।

सिर पर मंगल कलश रखकर भी प्रभावना कर सकते हैं। लेकिन यहां ध्यान रखना की कलश भरे हुए हो तथा ध्वज पचरंगी होना चाहिए। धार्मिक जुलूस में ध्वज उठाना भी सौभाग्य की बात है। धर्म ध्वज वाहक बनना भी धर्म की प्रभावना है। हमें समाज व धर्म का छोटा सा कार्य भी पूरी जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। यही धर्म की प्रभावना है। मुनि श्री ने कहाकि मंदिर में जिन देव का अभिषेक व पानी भरना, सामग्री धोना जैसी छोटी-छोटी सी जिम्मेदारी भी पूर्ण करना भी धर्म की प्रभावना होती है। छोटे-छोटे कार्य भी धर्म की प्रभावना के निमित्त बन जाते हैं। आहार चर्या के समय मार्ग की शुद्धता का ध्यान रखना, धार्मिक पाठशाला में समय पर उपस्थित होना भी धर्म की प्रभावना है। धार्मिक जुलूस के समय प्रतिष्ठान का अवकाश रखने का ध्यान रखना चाहिए।

# 'अन्तर्मन में भरे मलिन कर्मों का सफाया करता है पयूर्षण पर्व'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पयूर्षण महापर्व आत्मलोचन का महापर्व है, जो कि आत्मा की शुद्धि के लिए होता है। श्रावक को अपने जीवन में जहां कम से कम पांच कर्तव्यो अमारी परिवर्तन (अहिंसा), साधार्मिक भक्ति, क्षमापना, अठठमतप, चैत्य परिपाटी का पालन पर्व के इन दिनों में अवश्य ही करना चाहिये। पयूर्षण महापर्व के आठ दिनों में हमे आत्मा, परमात्मा, शरीर क्या है इसका चिंतन अवश्य करना चाहिये। क्योंकि मानव जीवन बार-बार नहीं मिलता है हमें इस जीवन को व्यर्थ नहीं गवाते हुए आत्म कल्याण के मार्ग पर लगाकर इसे सफल बनाना चाहिये, क्योंकि साधना ही साधक को सिद्धि प्राप्त करवाती है।

उक्त विचार जैन आराधना भवन में रत्ननिधि म.सा. द्वारा पर्वाधिराज पयूर्षण महापर्व के प्रथम दिवस से प्रारंभ हुए अष्टान्हिका व्याख्यान पर अपने प्रवचन के दौरान समाजजनों के समक्ष व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि धर्म प्रधान इस देश में समृद्धि की बुनियाद यहां के धार्मिक पर्व हैं। इनके आते ही लोगों की धार्मिक भावनाओं में निखार आने लगता है, पापमय प्रवृतियों से मुक्त करवाने हेतु ही यह पर्व आते हैं। पयूर्षण पर्व हमें हमारी आत्मा की ओर ले जाने वाला महापर्व है, जो हमारे अन्तर्मन में भरे मलिन कर्म का सफाया करता है।

साध्वीजी ने कहा कि यहॉ एक लोकोतर पर्व है जो कि आत्मा की शुद्धि के लिये होता है। श्रावक को इन आठ दिनो में अन्तर आत्मा में ही रहकर आत्मध्यान लगाना चाहिये। उन्होंने कहा कि पयुर्षण पर्व जैन धर्म में आराधना का पर्व माना जाता है पर्व के इन दिनो में व्यक्ति के मन में स्वमेव ही त्याग, वैराग्य, तप, आध्यात्मिक भावना बलवंती हो जाती है। और व्यक्ति अपनी बुरी वृतियो को छोडकर धर्म से जुड जाता है। उन्होंने कहा कि भूतकाल को सामने रखकर हमें वर्तमान को सुधारना होगा तभी हमारी आत्मा का कल्याण हो सकता है। आत्मा के कर्म परमात्मा को भी चुकाना पडे है तथा उन्हे जीवन में कई उपसर्ग झेलना पड़े। उन्होने कहा कि परमात्मा की भक्ति हमें परमात्मा बना सकती है। कुमारपाल राजा जैसी भक्ति करने से हमें भी परमात्मा के दर्शन हो सकते है। पुण्य आत्मा बनने के लिये हमें परमात्मा के धर्म को अपनाना पड़ेगा तथा उस पर चलना पडेगा व उसे अपने आचरण में लाना पड़ेगा। पर्व के इन दिनों में जयणा का पालन कर धर्म आराधना करें। साध्वी ने कहा कि परमात्मा के प्रति विश्वास और आस्था होती है तभी हम उनकी आज्ञा का पालन कर अपने जीवन में हर क्रिया करतें है। जीवन में आस्था, विश्वास, समर्पण व श्रद्धा है तो सब कुछ है। संसार पर जैसे श्रद्धा है वैसी परमात्मा के प्रति भी श्रद्धा हमारे मन में होना चाहिये।

### शाम को हुई बारिश से मिली उमस से राहत

**सीहोर।** गर्मी और उमस के कारण लोगों का हाल बेहाल था। बारिश की खेंच के चलते फसलें भी मुर्झाने लगी थीं। मंगलवार को अचानक शाम को मौसम बदला और बारिश का दौर शुरू हो गया, जो देर शाम तक रुक-रुककर जारी रहा। इससे मौसम में ठंडक घुल गई और उमस से राहत मिली। जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 13.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 1, मिलीमीटर, श्यामपुर में 7, आष्टा में 10, जावर में 35, इछावर में 6, भैरूंदा में 16, बुधनी में 10, रेहटी में 26.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 19 अगस्त को सुबह 8 बजे तक 725.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

# विभाग स्तरीय दलीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज में विभाग स्तरीय दलीय प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। बुधवार को हुई प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि विभाग समन्वयक शाजापुर विभाग सुरेंद्र जोशी थे। अध्यक्षता समिति पदाधिकारी किशन नाथ ने की। विशेष अतिथि प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा गोवर्धनलाल रावल एवं व्यवस्थापक गिरिराज तेजरा थे।

प्रतियोगिता में पूरे विभाग से कबड्डी खोखो खेल में 183 भैया तथा 96 बहनों ने सहभागिता की। खो खो खेल में बाल वर्ग (बहन) कालापीपल की टीम विजेता तथा डोंगरगांव की टीम उपविजेता रही तथा बाल वर्ग (भैया) कालापीपल विजेता तथा डोंगरगांव उपविजेता रहा। किशोर वर्ग में





कालापीपल की टीम विजेता तथा नलखेड़ा व आगर की टीम उपविजेता रही। तरुण वर्ग में कालापीपल नलखेड़ा की टीम विजेता तथा नलखेड़ा की टीम उपविजेता रही।

इसी प्रकार कबड्डी में बाल वर्ग में कालापीपल बडौद की टीम विजेता रही तथा मक्सी की टीम उपविजेता रही। किशोर वर्ग में आगर बडौद नलखेड़ा की टीमें विजेता रही तथा सलसलाई की टीम उपविजेता रही। तरुण वर्ग में कालापीपल नलखेड़ा की टीमें विजेता रही तथा सोयत की टीम उपविजेता रही। सम्पूर्ण प्रतियोगिता के संयोजक प्रधानाचार्य सोयतकला नारायण कुम्भकार तथा महाप्रबंधक प्राचार्य नलखेड़ा ईश्वर सोलंकी रहे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य बडौद नारायण सिंह मालडावदिया थे। अध्यक्षता सुरेन्द्र जोशी द्वारा की गई। विशेष अतिथि ईश्वर सोलंकी व अशोक प्रजापति रहे।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने 45 आवेदनों पर की सुनवाई

## निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा,



आपसी विवाद, मेढ़ रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### तीर्थ दर्शन यात्रा से लौटने पर किया स्वागत



**नलखेड़ा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत तीर्थ से लौटे तीर्थ यात्रियों का वार्ड पार्षद व वार्डवासियों द्वारा स्वागत कर सम्मान किया गया। नगर के वार्ड 13 से 6 श्रद्धालु प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत उत्तरदेश के काशी विश्वनाथ तथा प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या दर्शन के लिए गए हुए थे जहां उनके द्वारा इस योजना के तहत भगवान के दर्शन किए गए। मंगलवार देर शाम को अपनी सकुशल मंगलमय यात्रा संपन्न कर वापस अपने गृह नगर नलखेड़ा पहुंचने पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पूजा नीलेश लोढ़ा द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर पर उनका पुष्पमाला पहनाकर व माता बगलामुखी की तस्वीर स्मृति चिन्ह में भेंट कर स्वागत कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वार्ड के दीपक शर्मा, गोविंद टेलर, पूर्व पार्षद जगदीश शर्मा, पदम पुष्पद आदि मौजूद रहे।

# अच्छे स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना को लेकर गाय व बछड़े का पूजन कर मनाई बछ बारस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

महिलाओं द्वारा अपनी संतान के अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना को लेकर बुधवार को बछ बारस पर गौमाता एवं बछड़े की पूजा की गई। भाद्रपद मास (भादौ) की कृष्णपक्ष की द्वादशी तिथि के दिन बछ बारस का पर्व मनाया जाता है। इस दिन स्त्रियाँ अपनी संतान के स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए गौमाता से प्रार्थना करती हैं और बछड़े वाली गाय का पूजन करती हैं। इस दिन चाकू से काटी गई वस्तुएं गेहूं, जौ और गाय के दूध से बनी चीजों का सेवन नहीं करती है। एक दिन पहले ही रात्रि को बछ बारस के लिए मूंग मोठ चने एवं बाजरा भिगो कर रख दिया जाता है। उसे भिजोना कहते हैं जिसे गौमाता को अर्पित किए जाते हैं। बुधवार को महिलाओं द्वारा गौमाता एवं बछड़े की पूजन कर कथा सुनी गई एवं व्रत रखा गया।

### बछ बारस क्यों मनाते हैं ?

पौराणिक कथाओं के अनुसार हमारे आराध्य श्रीकृष्ण को गायों से बहुत प्रेम था। उन्होंने गौ सेवा के महत्व को लोगों को बताया और गाय को माता कहकर उसकी पूजा को प्रतिपादित किया। भगवान श्रीकृष्ण स्वयं गायों की सेवा किया करते थे। उनके गायों के प्रति इस प्रेम को देखकर स्वयं कामधेनु ने बहुला गाय का रूप लेकर नंदबाबा की गौशाला में स्थान लिया था। भगवान श्रीकृष्ण का एक नाम गोपाल भी है। इस दिन पहली बार भगवान श्री कृष्ण गायों और बछड़ों को चराने के लिये गये थे। माता यशोदा ने श्रीकृष्ण को खूब सजा-धजा कर और पूजा पाठ कराकर इस दिन गाय चराने के लिये भेजा था। उनके साथ उनके बड़े भाई बलराम भी थे। श्री कृष्ण उनके साथ



गायों और उनके बछड़ों को लेकर चराने के लिए गये थे। इसलिए इस दिन सब लोग गौ पूजा करके भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिये गये गौ-सेवा के संदेश को सम्मान देकर इसे एक पर्व के रूप में मनाते हैं।

### गौशाला में किया गाय व बछड़े का पूजन



**नलखेड़ा।** ग्राम धरोला में स्थित बाबा नटकेश्वर महादेव गौशाला में गौ द्वादशी के अवसर पर गौमाता एवं बछड़े का पूजन किया गया। बुधवार को गौ द्वादशी के अवसर पर धरोला ग्राम पंचायत के सरपंच राकेश पाटीदार एवं ग्रामीणजनों द्वारा गोमाता एवं बछड़ों का पूजन व आरती कर आशीर्वाद लिया गया। पौराणिक कथाओं में उल्लेखित है कि बछ बारस पर भगवान श्रीकृष्ण पहली बार गौमाताओं व बछड़ों को चराने ले गए थे। उसी गौसेवा की परंपरा को निभाने के लिए इस दिन गौपूजा की जाती है।

## मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे वाल्मिकी समाज के लोग

# प्रशासन से मोहल्ले का नाम बदल ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कादरा बाद के वाल्मिकी समाज में आक्रोश बना हुआ है, क्योंकी वाल्मिकी मोहल्ले का नाम सरकारी दस्तावेजों में ठाकुर मोहल्ला कर दिया गया है। हालात ऐसे है कि वाल्मिकी मोहल्ले के लिए स्वीकृत होने वाले सरकारी निर्माण कार्य ठाकुर मोहल्ले में हो रहे है और वाल्मिकी समाज के लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है।

ग्रामीणों ने मोहल्ले का नाम बदलने की गहरी साजिश रचने का आरोप सरपंच और सचिव पर भी लगाया है। इस मामले में मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर वाल्मिकी समाज के ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायती पत्र देकर मोहल्ले का नाम वापस वाल्मिकी मोहल्ला कराने की मांग है।

कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया की हमारे मोहल्ले में कोई भी ठाकुर समाज का मकान नहीं है सभी वाल्मिकी समाज के



ग्रामवासी इस मोहल्ले में रहते है पहले मोहल्ले का नाम वाल्मिकी मोहल्ला ही था फिर अचानक हमारे मोहल्ले का नाम ठाकुर मोहल्ला कर दिया गया है इस की जानकारी हमें तब हुई जब हमारे नाम के पत्र असली ठाकुर मोहल्ले में पहुंचने लगे अनेक लोगों के आधार कार्ड में भी ठाकुर मोहल्ला पता छपा हुआ है जिसस कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और पंचायत एप से जानकारी मिली की वाल्मिकी समाज के नाम पर होने वाले सरकारी निर्माण कार्य ठाकुर मोहल्ले में किए जा रहे है और हम सड़क पानी बिजली नाली जैसी मूलभूत सूविधाओं को तरस रहे हैं। वाल्मिकी समाज के लिए सरकारी मद से स्वीकृत हुआ सामुदायिक भवन भी ठाकुर मोहल्ले में बना दिया गया है।

मांग करने वालों में शिवनारायण, प्रेमा, अर्जुन सिंह, मांगीलाल, गोविंद, रमेश, रंजीत, नारान सिंह, देव सिंह, भैयालाल, नंदलाल, गोलु, रामकिशन, लखन बुलाखीलाल, किशनलाल, दुर्गाप्रसाद, राजू, अजय, देवीराम, विशाल, खेमराज, प्रेगाजी, कुदन, बद्रीप्रसाद, प्रदीप, रघुनाथ, कृपाल, भूर सिंह, घुडीलाल, जीवन, रामकिशन, जितेन्द्र शिवनारायण, अजय, मुकेश, प्रदीप, विशाल, खेमराज, कृपाल नारायण थरसिंह देवीसिंह जनगरीरा जितेंद्र रणजीत किशनलाल वरदान अमरीश नंदलाल महेश भैयालाल राजू गोविंद कृष्ण गोपाल लखनलाल राजेश गोलू देवीसिंह आदि ग्रामवासी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### किड्ज़ पैलेस स्कूल, में स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी व रक्षाबंधन का संयुक्त उत्सव मनाया



**चापड़ा।** किड्ज़ पैलेस स्कूल में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं रक्षाबंधन का संयुक्त भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुई, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं भाषण प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। जन्माष्टमी के अवसर पर छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा के रूप धारण कर आकर्षक झाँकी प्रस्तुत की। वहीं, रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बाँधकर भाई-बहन के स्नेह का संदेश दिया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में भारतीय सेना के जवान अशोक पाटीदार, विजेंद्र यादव, सचिन यादव और राजकुमार विश्वकर्मा तथा ग्राम पंचायत चापड़ा के सरपंच नाथूसिंह सेंधव, राजेंद्र सिंह सेंधव, हुकम कंठाली, निर्मला कंठाली, सोनू पाटीदार, मनोज कंठाली सहित अनेक पालकगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विद्यालय संचालक राहुल सेंधव ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कार, संस्कृति और देशप्रेम की भावना जागृत करते हैं।

### ठाकुर और गुप्ता की नियुक्ति पर दी बधाई

**देवास।** स्ट्रिंगर इंपेनलमेंट हेतु प्रादेशिक समाचार एकांश दूरदर्शन केंद्र भोपाल की आवश्यकता अनुसार नियमों व शर्तों के अनुरूप देवास जिले के न्यूज अलर्ट एवं फुटेज भेजने के लिए बरदू निवासी विजेंद्र सिंह ठाकुर व नितिन गुप्ता को देवास जिले का स्ट्रिंगर नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर देवास जिले के सभी मीडिया साथियों ने बधाई दी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति में ली जा रही रिश्वत, कमिश्नर तक हुई शिकायत

# भ्रष्टाचार का गढ़ बना परियोजना कार्यालय, पैसे लेकर नियुक्ति का ऑपरेटर का ऑडियो वायरल

### शिकायत और ऑडियो वायरल होने के बाद ऑपरेटर को हटाया गया




**हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली**

एक तरफ केंद्र व राज्य सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार होने का दावा कर रही है। वहीं इसी सरकार में चल रहा सिस्टम ही सरकार के सभी दावों को झूठा साबित करने में लगा है। एक बार फिर भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी के कारण भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जिसको लेकर एसडीएम से लेकर कमिश्नर तक लिखित में शिकायत की गई है। जानकारी अनुसार महिला बाल विकास परियोजना घाट ऊपर एवं घाट नीचे के क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने के मामले में बड़ा भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जिसमें परियोजना मुख्यालय पर बैठे जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत से नियुक्ति के नाम पर लाखों रुपए की वसूली की जा रही है। इस मामले का खुलासा एक शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में किया है।

जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि विभाग में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति पर 1 लाख 50 हजार एवं सहायिका की नियुक्ति पर 1 लाख तय किए हैं, जो यह राशि देगा उसका सिलेक्शन होगा। महिला बाल विकास परियोजना घाट ऊपर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कंझर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति के दौरान इस बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। शिकायतकर्ता राधेश्याम पिता बापू लाल टांटिया ने अनुविभाग अधिकारी बागली एवं कमिश्नर उज्जैन को लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। अपनी शिकायत में बताया है कि महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडिपीओ) राम परिवेश तिवारी एवं अन्य महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इसमें बताया गया है कि महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा गलत तरीके से नियुक्ति की गई है, जबकि शिकायतकर्ता की नियुक्ति नियमों के आधार पर पहले स्थान पर है, लेकिन अधिकारी द्वारा रिश्वत की मांग की गई थी, जो की पूरी नहीं होने पर उसकी जगह नियमों को ताख पर रखकर अन्य महिला की नियुक्ति कर दी गई।

शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि जब इस संबंध में महिला परियोजना अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने संतोषजनक जवाब ना देते हुए, अपमानित कर कार्यालय से भगा दिया। शिकायतकर्ता ने बताया है कि आंगनबाड़ी केंद्र कंझर क्रमांक एक पर 40 आवेदन आए थे जिसमें से मेरी बेटी प्रथम नंबर पर थी लेकिन में अधिकारियों की रूपों की मांग पूरी नहीं कर पाया, जिसके कारण गलत तरीके से अन्य महिला की नियुक्ति कर दी गई, जबकि उसकी बेटी प्राथमिकता रखती है। शिकायतकर्ता की बेटी के पास सभी प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध है।

इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पैसे के लालच में आकर गलत तरीके से नियुक्ति की गई है। हालांकि महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी का रूपयों का लेनदेन को लेकर चर्चा करने का भी ऑडियो सामने आया है। जिसमें वह स्पष्ट शिकायतकर्ता से नियुक्ति के नाम पर पैसे की मांग कर रहा है। इन दिनों महिला बाल विकास परियोजना में अधिकारी कर्मचारियों की मनमानी देखी जा रही है, यदि जिम्मेदार अधिकारी महिला बाल विकास परियोजना में हो रही नियुक्तियां एवं स्थानांतरण के मामले में निष्पक्ष जांच करते हैं तो कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।

**(01) ऑडियो...** आउटसोर्स कर्मचारी आकाश ने बोला की कल आ जाए और पेमेंट को शॉर्ट में बोला गया की पूरा ले आओगे क्या राधेश्याम द्वारा बोला गया की पूरा नहीं होगा आधा हो जायेगा फिर ऑपरेटर आकाश द्वारा बोला गया कि आधा बाद में दोगे फिर कहा कि ठीक है

**(02) ऑडियो.....** फिर आकाश द्वारा फोन लगाया गया और कहा गया कि आपके ग्राम कंजर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती निकली है राधेश्याम द्वारा बोला गया भर्ती निकली है फिर राधेश्याम ने कहा इस साल तो ऑनलाइन प्रक्रिया है ना फिर आकाश द्वारा कहा गया कि प्रक्रिया तो ऑनलाइन ही है पर जैसे पहले डॉक्यूमेंट ऑफलाइन लेते थे वैसे ही अब ऑनलाइन हो गए हैं और डॉक्यूमेंट आएंगे तो हमारे ही ऑफिस में ना.... राधेश्याम ने कहा कि काम हो जायेगा क्या ओर बताए नाम किसका आ रहा ही फिर ऑपरेटर आकाश ने कहा कि आपके गांव से 40 आवेदन आए है आप तो यह बताइए किसका करना है कोई अपने वाला है क्या फिर राधेश्याम ने कहा कि ऐसा नहीं होगा जो जायज है वही होगा, फिर आकाश ने कहा उसमें ऑप्शन है पत्र वगैरह का आप बागली आ जाइए यहां आकर बात कर लेते हैं ऑप्शन तो है

**(3)ऑडियो ....** राधेश्याम ने कहा मैने गांव में बात की थी गांव में लोगों को कहा था पेमेंट लगेगा काम हो जाएगा पर गांव में मना कर दिया लोगों ने.. फिर आकाश ने कहा मैं ही बात कर लेता हूं अभी पात्र अपात्र का सिस्टम चल रहा है फिर आकाश ने कहा मैं अपने दोस्त विलास की फैमिली का कर देता हूं खजुरिया का रहने वाला है फिर राधेश्याम ने कहा कि वह तो लाइन में ही नहीं है चौथे नंबर से भी पीछे हैं वह... फिर आकाश ने कहा वह लाइन में नहीं है पर सब हो जाएगा राधेश्याम ने कहा कि नीचे से ऊपर ले आओगे फिर आकाश ने कहा कि सब हो जाएगा.. राधेश्याम ने कहा कि आप तो मेरी बालिका का कर दो फिर ऑपरेटर द्वारा कहा गया कि पेमेंट कितना करोगे मुझे नहीं चाहिए... सर को देना है फिर राधेश्याम द्वारा कहा गया कि आप दोनों का काम कर दूंगा फिर आकाश द्वारा कहा गया कि कितना करोगे राधेश्याम द्वारा कहा गया कि आपको बोलने की जरूरत नहीं रहेगी।

#### मामले की जांच की जा रही है

इस संबंध में शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में पाए जाने वाले बिंदुओं के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**शिवम यादव,** एसडीएम बागली

#### आरोप निराधार है

नियुक्ति प्रक्रिया ऑनलाइन है, जिस आपरेटर का आडियो सामने आया है, उसे हटा दिया गया है। मुझ पर जो आरोप लगाए गए हैं,निराधार है।

**राम परिवेश तिवारी,** परियोजना अधिकारी बागली

# शहर में बेरहमी से कुत्ते पकड़ने का आरोप

### डॉग के लिए बेहतर व्यवस्था की मांग की



**हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास**

शहर में स्ट्रीट डॉग की समस्या को लेकर नगर निगम और लोगों के बीच टकराव बढ़ गया है। बुधवार को निगम ने एक वार्ड से कुत्तों को पकड़ा तो कुछ रहवासियों ने इसका विरोध किया और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

लोगों का आरोप है कि नगर निगम कुत्तों को बहुत बेरहमी से पकड़ रहा है। उनका कहना है कि निगम सिर्फ नसबंदी का नाम लेता है, लेकिन सही काम नहीं करता। कुत्तों की संख्या पर अब तक कोई असर नहीं पड़ा है।लोगों की मांग है कि कुत्तों को पकड़ने से पहले उनके लिए रहने और खाने-पीने की व्यवस्था की जाए। अभी नगर निगम के पास ऐसी कोई योजना नहीं है।शहर में कुत्तों के हमले की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। हाल ही में एक स्कूली बच्चे पर कुत्तों के हमले का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोग कुत्तों को शहर से बाहर करने की मांग कर रहे हैं।हालांकि बुधवार को प्रदर्शन में लोग कुत्तों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की मांग कर रहे थे। नागरिकों का कहना है कि समस्या का हल कुत्तों को मारना या बेरहमी से पकड़ना नहीं है, बल्कि उनके लिए सही और सुरक्षित व्यवस्था करना जरूरी है।

### निगम उपायुक्त जाफरी ने किया निरीक्षण



**देवास।** बुधवार को शंकरगढ़ क्षेत्र स्थित निगम के टेंचिग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन डॉग हाउस का उपायुक्त जाकिर जाफरी ने निगम अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर शेष बचे निर्माण कार्य को 7 दिवस की समयावधि में पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि डॉग हाउस में श्वान के बधियाकरण किए जाने के लिए पर्याप्त साधन संसाधन उपलब्ध कराए जाने हेतु कार्रवाई प्रारंभ करें। उपायुक्त ने डॉग हाउस के पहुंच मार्ग को व्यवस्थित करने और वहां पेयजल आपूर्ति करने तथा विद्युत व्यवस्था करने सहित अन्य समस्त कार्यों की भी समीक्षा की। डॉग हाउस के समीप एक अतिरिक्त शेड स्थापित करने के उपायुक्त ने निर्देश भी निरीक्षण के दौरान दिए गए। जाफरी ने श्वान के बधियाकरण के कार्य में और अधिक प्रगति लाने के लिए पशु चिकित्सक डॉक्टर उर्वशी चौधरी से भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक यंत्री विधुरानी कौरव, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के सचिव हरेंद्र सिंह ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, टेंचिग ग्राउंड के प्रभारी दिनेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई ने शुरू किया 15 दिवसीय वोट चोर गद्दी छोड़- पोस्टकार्ड अभियान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास**



भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे 15 दिवसीय “वोट चोर गद्दी छोड़ – पोस्टकार्ड अभियान” की शुरुआत बुधवार को देवास में की गई।अभियान की शुरुआत सुपर मार्केट स्थित राजीव गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई।यह कार्यक्रम एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष श्रीकांत चौहान के नेतृत्व में संपन्न हुआ।अभियान अंतर्गत कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में पोस्टकार्ड लिखकर भारत निर्वाचन आयोग को भेजे, जिनमें पारदर्शिता और निष्पक्ष चुनावों की माँग दर्ज की गई। हाल ही में प्रदेश एनएसयूआई प्रभारी अनीश भाई द्वारा शुरू किए गए इस पोस्टकार्ड आंदोलन को देवास में भी व्यापक समर्थन मिला।इस अवसर पर युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गौड़ ने कहा – “वोट चोरी ‘एक व्यक्ति, एक वोट’ के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर सीधा हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। यह केवल एक चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और ‘वन मैन, वन वोट’ के सिद्धांत की रक्षा का निर्णायक संग्राम है। हम चुनाव आयोग से मांग करते हैं कि पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका स्वतंत्र ऑडिट कर सकें।”कार्यक्रम में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस नवनियुक्त ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, प्रदीप चौधरी, मनोज राजानी, हर्षप्रताप सिंह गौड़, प्रशांत चौहान, आनंद सिंह पवार, कुलदीप सिंह परिहार, आशीष धाकड़, आयुष मालवीय, असलम खान, जफर खान, रोहित धाकड़ सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकास के दावों की खुली पोलः श्मशान में शेड नहीं होने कारण परिजनों ने पल्ली लगाकर किया दाह संस्कार

### चिता की लपटों में पल्ली भी आई चपेट में, ग्रामीण हुए परेशान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ**



ग्राम पंचायत रोलुपिपलिया के गाँव कुमाल्डी का श्मशान अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है। पंचायत द्वारा आज तक न तो श्मशान तक जाने का मार्ग बना है न ही श्मशान घाट पर कोई शेड निर्माण किया गया है। बारिश के मौसम में लोगों को श्मशान घाट तक जाने में काफी परेशानी होती है। पूरा रास्ता कीचड़ से भर जाता है। जैसे तैसे अर्थी को श्मशान तक ले जाया जाता है। ऐसा ही मामला शनिवार को देखने में आया जब गाँव के निवासी सूरजसिंह पिता भेरूसिंह सेंधव की मौत हो गई। अर्थी को लेकर ग्रामीण जैसे तैसे श्मशान घाट पहुँचे। मृतक की चिता में आग लगाई ही थी कि बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण चिता बुझने लगी। ग्रामीणों ने डीजल व टायर डालकर आग जलाई। बारिश से बचने के लिए ग्रामीणों ने पाइप की सहायता से प्लास्टिक की पल्ली लगाई तब जाकर अंतिम संस्कार हो सका, लेकिन इसके बाद चिता की ऊंची लपटों में पल्ली में भी चपेट में आ गई जिसके कारण काफी परेशान होना पड़ा। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नही हुआ। घटना का वीडियो अगले दिन सोशल मीडिया पर बहुप्रसारित हुआ। ग्रामीणों की मांग है कि श्मशान तक जाने का मार्ग निर्माण किया जाए तथा श्मशान घाट के शेड का निर्माण किया जाए। दरसल श्मशान गाँव के राधेश्याम पिता तकतसिंह सेंधव की निजी जमीन में बना हुआ है, जो राधेश्याम ने श्मशान के लिए दान दी है। श्मशान तक जाने का मार्ग निजी ज़मीनों से होकर जाता है, जिसके लिए भी सभी किसानों की रास्ता बनाने में सहमति है।

### बच्चों के साथ एएसपी, सीएसपी ने बनाई भगवान गणेश की मिट्टी की प्रतिमा

# मिट्टी के गणेश की प्रतिमा की स्थापना का करेंगे प्रयासः एएसपी





**हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास**

प्यारे बच्चों प्रकृति आपकी है हम लोगों ने उधार ली है, हमें इसे आपको वापस करना है। हमने प्लास्टर ऑफ पेरिस का इस्तेमाल करके गलती की है। हम संकल्प लेते हैं यह खूबसूरत प्रकृति को आपको वापस करेंगे । जैसा ईको सिस्टम हमने किताबो में पढ़ा है, आप पढ़ रहे हैं वैसा हमें अब नहीं मिल रहा है।

प्रकृति से छेड़छाड़ कर कई प्रजातियां हमने खो दी है। मिट्टी के गणेश से हम शुरुआत कर रहे हैं पुनः हमारी खूबसूरत प्रकृति की ओर लौटने की। हम संपूर्ण पुलिस परिवार में मिट्टी के गणेश के प्रतिमा की स्थापना हो ऐसा प्रयास करेंगे। उक्त उदगार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया ने मिट्टी की गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला में अपने उद्बोधन में व्यक्त किए।

इनोवेटिव पब्लिक स्कूल, होली एंजेल्स स्कूल, जेम्स एकेडमी स्कूल के बच्चों के साथ मेरे गणेश मिट्टी के गणेश कार्यशाला में उपस्थित होकर बतौर मुख्य अतिथि एएसपी भदौरिया ने मिट्टी की गणेश प्रतिमा का निर्माण किया। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में नगर पुलिस अधीक्षक बीएनपी संजय शर्मा एवं सिविल लाइन थाना टी आई हितेश पाटील ने मिट्टी की गणेश प्रतिमा का निर्माण कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम संयोजक ऋचा दुबे ने रुद्राक्ष की माला व गंगाजल भेंटकर सभी अतिथियों का स्वागत किया।

10 मिनट में तैयार होने वाली प्रतिमा को देखकर सभी अतिथियों ने 9 वर्ष से जारी कार्यक्रम मेरे गणेश मिट्टी के गणेश की सराहना की व मिट्टी की उपलब्धता से लेकर निर्माण, प्रशिक्षण , वितरण संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त की एवम प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही आश्वस्त किया कि वे अभियान का हिस्सा बनकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम संयोजक आदित्य दुबे ने मिट्टी की गणेश प्रतिमा भेंटकर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यशाला में सिमरन खान, राहत अली शाह, संध्या प्रजापति, श्वेता सोलंकी, सिरजिमा मंसूरी, अल्फेज खान, कासिम खान, पीयूष मालवीय, आरित खान, आरुषि जायसवाल, साक्षी शर्मा, व अन्य विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई प्रतिमाएं बहुत ही सुंदर व आकर्षक रही।कार्यक्रम संचालन में सदाकत अली, नीता मिश्रा, आमेंला खान, पवित्रा विश्वकर्मा, पलक जोशी, रानु मालवीय, सोनाली पुष्पद, मीनाक्षी पाठक, आर्यमन दुबे, आद्या दुबे, मानसी चौहान, हर्षिका सोलंकी, मयंक विश्वकर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

# पुलिस की मदद से 12 साल बाद पुत्री को मिले अपने पिता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास**



पुलिस चौकी बालोन थाना पीपलरावा अंतर्गत एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की अज्ञात कारण से मृत्यु हो गई थी। जिसका नाम राजू मिस्त्री उर्फ जमुना उम्र करीबन 90 साल बताया गया। उक्त सूचना पर थाना पीपलरांवा में मर्ग क्रमांक 24/25 धारा 194 बीएनएसएस का प्रकरण कायम कर जांच में लिया गया। उक्त व्यक्ति के संबंध में वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराया गया एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर जांच में पुलिस द्वारा मक्सी,शाजापुर ,सीहोर जाकर जानकारी जुटाई गई एवं सोशल मीडिया पर उक्त व्यक्ति की जानकारी प्राप्त होने पर सूचना देने हेतु प्रकाशन किया गया। बाद में मृतक का पोस्टमार्टम सीएचसी टोंकखुर्द में कराया गया । सोशल मीडिया के माध्यम से जिला विदिशा से मृतक की लड़की का कॉल आया जिसने बताया कि मृतक मेरे पिताजी हैं जो करीबन 10 -12 साल पहले निवास काकरिया जिला नरसिंहगढ़ से बगैर बताए चले गए थे । जिनकी पत्नी की 4 साल पहले मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा जानकारी विस्तृत करने पर व्यक्ति की बेटी और दामाद विदिशा से पहुंच रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम में एक लड़की को उसके पिता 10 से 12 साल बाद मिले, लेकिन उसे इस बात की खुशी है कि मैंने अपने पिता को आखरी बार देखने की इच्छा रखी थी जो पुलिस के सहयोग से मुझे मिली है। उक्त जांच में थाना प्रभारी सुबोध गौतम ,उनि कपिल नरवले, सउनि जाकिर हुसैन, प्रधान आरक्षक सोदान चौहान एवं सैनिक बजे सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### सोते समय बच्ची को सांप ने काटा, मौत से मातम

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के गांव बंट में कक्षा तीन की छात्रा की सांप के काटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान संतोष कुशवाहा की 7 वर्षीय पुत्री जानवी के रूप में हुई है। सोमवार रात जानवी तख्त पर सो रही थी। उसके परिजन जमीन पर सो रहे थे। इसी दौरान सांप ने उसे काट लिया। मंगलवार सुबह करीब 4.30 बजे जानवी की तबीयत अचानक बिगडने लगी। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानवी तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की बच्ची थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मासूम की मौत से गांव में शोक का माहौल है।

### शराबी पति ने पत्नी को पर्दे के पाइप से पीटा

**ललितपुर।** शान्तिनगर की रहने वाली रूचि पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति प्रसन्न पटेल पुत्र जागेश्वर आये दिन मारपीट करता रहता है और घर से अक्सर मारपीट कर भगा दिया जाता है। बीती रात करीब 12 बजे जब वह अपने चार वर्षीय पुत्र को टायलेट कराने के लिए बाहर आयी तो बिना किसी कारण से उसके पति ने शराब के नशे में गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि पर्दे के पाइप से की गयी मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। जब उसने अपनी मोहल्ला चौकाबाग निवासी मां बृजेश पटेल को फोन किया तो मां के साथ बहन सृष्टि भी लेने के लिए आ गयी, जिसके बाद उसके पति प्रसन्न ने सभी को जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### क्षत्रिय समाज पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर दो हिरासत में

**ललितपुर।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी परिक्षेत्र के निर्देश के क्रम में, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली, थाना साइबर क्राइम पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना साइबर क्राइम पर पंजीकृत मु.अ.सं. 29/25 धारा 352 बीएनएस व 66डी/67 आईटी एक्ट में वांछित रघुनाथपुरा निवासी पवन व संजय पुत्रगण को हिरासत में लिया है। वांछितों को पकडने वाली पुलिस टीम में साइबर क्राइम मय टीम, प्रभारी निरीक्षक मय टीम के शामिल रहे।

### विद्युत सुधारने गए कर्मियों पर हमला

**ललितपुर।** विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात सुरेन्द्र एवं क्रिश ने संयुक्त रूप से नेहरू नगर चौकी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह नेहरू नगर में विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायत पर विद्युत को सुधारने आये हुये थे। देवगढ़ रोड स्थित एक मेडीकल स्टोर के बगल वाली गली में सड़क किनारे खड़े थे, तभी जयवीर व उसके पिता जगत सिंह ने उसे गालियां दीं। विरोध करने पर मारपीट कर दी। इस हमले में उन्हें मुंह, आंख और सीने में गहरी चोटें आयीं। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### साइकिल सवार युवक को बाइक ने मारी टक्कर, घायल झांसी रेफर

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अंतर्गत ग्राम तेरई के मजरा मंगलपुरा में रहने वाले प्रभुदयाल पुत्र श्यामलाल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 10 अगस्त को शाम करीब 4 बजे उसका पुत्र सौरभ कुशवाहा अपनी साइकिल से घर आ रहा था। वह जैसे ही हाई-वे से मजरा तक पहुंचा कि तभी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.जे. 0510 के चालक ग्राम सुनौरी के मजरा खैरों निवासी अंकित रजक पुत्र वकील रजक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। घायलावस्था में उसके पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट और फिर झांसी रेफर कर उपचार चल रहा है।

---

### गुना झांसी सांसदों की पहल का परिणाम

# ललितपुर गुना चंदेरी रेल लाइन का सपना हो रहा है साकार

फाइनल लोकेशन सर्वे के लिए सेंट्रल लाइन पिलर स्थापित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोडने वाली 80 किलोमीटर रेल लाइन जिसके फाइनल लोकेशन सर्वे का ऑर्डर 27 नवंबर 2024 को रेल बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा जारी किया गया था, जिसकी जिम्मेदारी पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर के महाप्रबंधक को दी गई थी। इसके पश्चात टेंडर प्रक्रिया आदि संपन्न होने के बाद फाइनल लोकेशन सर्वे के लिए रेल बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा स्थापित निर्माण नियमावली के अनुरूप सेंट्रल लाइन पिलर्स की स्थापना संपूर्ण रेल लाइन मार्ग पर ललितपुर से पिपरई के बीच की जा रही है।

यह सेंट्रल लाइन पिलर चंदेरी के निकट ग्राम निदानपुर, चकराघाट, तगारी, बांकलपुर, देवलखो, चुरारी आदि स्थानों पर लगा दिए गए हैं और इसकी प्रक्रिया चल रही है, जो निकट भविष्य में संपूर्ण रेल लाइन मार्ग पर लग जाएंगे। इसके पश्चात इसकी डीपीआर तैयार होगी और रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय में प्रस्तुत की जाएगी इसके पश्चात केंद्रीय कैबिनेट के द्वारा निर्माण राशि की स्वीकृति मिलते ही चंदेरी रेल लाइन पर निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा और बरसों से प्रतीक्षा कर रहे इस क्षेत्र को एक नई रेलवे लाइन की सौगात मिल जाएगी तथा सभी क्षेत्र के जनमानस का सपना साकार हो जाएगा।

**दो सांसदों के सतत प्रयास से आकार ले रहा है पुराना सपना**



गुना शिवपुरी अशोकनगर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा झांसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा के सतत प्रयासों से चंदेरी के रास्ते पिपरई ललितपुर रेल लाइन का सपना साकार हो रहा है। इन दोनों ही सांसदों के द्वारा सतत रूप से रेल मंत्रालय में दस्तावेजी साक्ष के साथ पत्र व्यवहार किए गए और रेल मंत्री से सतत संपर्क स्थापित रखा, जिसके फल स्वरुप आज इस महत्वपूर्ण रेल लाइन की सौगात दो संसदीय क्षेत्र को मिल रही है, जिससे दोनों ही संसदीय क्षेत्र के लोगों का सपना साकार होने जा रहा है, दोनों ही क्षेत्र के सांसद इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं, उनका जनता जनार्दन द्वारा आभार व्यक्त किया गया है।

#### ग्राउंड जीरो पर जाकर सेंट्रल लाइन पिलर्स देखे

चंदेरी के समाजसेवी उमेश पुरोहित जिन्होंने इस रेलवे लाइन का सपना 1977 में देखा था, 48 साल बाद उनका सपना वे सा कार होते देख रहे हैं। ग्राउंड जीरो पर उनके द्वारा जब स्थिति देखी गई तो उनकी आंखें सजल हो गई।उमेश पुरोहित के साथ डॉ योगेश मिश्रा, मुजफ्फर अंसारी उर्फ कल्ले भाई निर्मल विश्वकर्मा, सगीर मोहम्मद कुरैशी तथा कल्याण अहिरवार ने ग्राउंड जीरो पर जाकर सभी सेंट्रल लाइन पिलर्स को अपनी आंखों से देखा और ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर वास्तविक स्थिति जानी इसके पश्चात सभी भाव से भर गए और चंदेरी रेल लाइन के सपने को साकार होते देख सभी में जबरदस्त उत्साह हुआ।

---

### चकबंदी अधिकारियों को दिए जिला अधिकारी ने दिशा निर्देश

# 77 गांव में चल रही चकबंदी का पूरा कार्य गुणवत्तापूर्ण किया जाए



**ललितपुर।** नवआगन्तुक जिलाधिकारी/उपसंचालक चकबन्दी अपनदीप दुली द्वारा जनपद के चकबंदी प्रक्रियान्तर्गत ग्रामों के कार्य की प्रगति समीक्षा बैठक द्वारा निर्धारित प्रारूप 01 लगायत 09 पर की गई।

जनपद के ग्रामों में चकबन्दी कार्य की समीक्षा करते हुए चकबन्दी कार्य को तेजी से बढाने हेतु जिलाधिकारी जो द्वारा बैठक में उपस्थित चकबन्दी के सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए साथ ही चकबन्दी से संबधित कृषकों की समस्या के बावत प्राप्त होने वाले परिवादों का समयबद्ध रूप से परिवादीगणों की सुनवाई करते हुए गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने पर विशेष ज़ोर दिया गया।

राकेश कुमार बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ललितपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की चार तहसील पाली,मडावरा,महरौनी,ललितपुर के कुल 77 ग्रामों में चकबन्दी प्रक्रिया प्रचलित है। और इस वर्ष जनपद के चार ग्रामों में चकदारों को उनके नए चकों पर कब्जा देने की कार्यवाही करते हुए कब्जा परिवर्तन लगभग पूर्ण कर लिया गया है। माह मध्य जून से मानसूनी वर्षा प्रारम्भ हो जाने के फलस्वरूप उक्त कार्य में बाधा उत्पन्न हो गई थी। लेकिन अब उक्त ग्रामों के कब्जा परिवर्तन उपरान्त बन्दोबस्त निर्माण की कार्यवाही आरम्भ करा दी गई है। इसके अलावा माह जुलाई में 10 ग्रामों में स्थल पर भूचित्र सशोंधन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिनमें अब पडताल विनिमय अनुपात निर्धारण आदि कार्य करते हुए धारा-9 का प्रकाशन कर उक्त ग्रामों के कृषकों को पर्चा-5 का वितरण किया जाएगा। माह जुलाई में ग्राम खडेरा, खोखरा का धारा-9 का प्रकाशन करते हुए संबधित कृषकों को पर्चा-5 का वितरण किया गया। ग्राम जामुनधाना खुर्द का धारा-9 का प्रकाशन माह अगस्त के अंत तक प्रस्तावित है। ग्राम भगवाहा में धारा-20 का प्रकाशन करते हुए आकार पत्र-23 का वितरण ग्राम के चकदारों को किया गया है। ग्राम बमरौला का धारा-20 का प्रकाशन माह अगस्त के अंत तक प्रस्तावित है। तथा जनपद में 30 वर्ष से अधिक पुराने ग्राम नाराहट,बानपुर व सौजना हैं। ग्राम नाराहट में कब्जा परिवर्तन के बाद बदोंबस्त निर्माण कार्य जारी है। ग्राम बानपुर में कब्जा परिवर्तन उपरान्त उपसंचालक महोदय चकबंदी द्वारा चक निगरानियों का निस्तारण कार्य किया जा रहा है। तथा ग्राम सौजना में नए चक बनाने हेतु आकार पत्र-23 बनाने का कार्य आरम्भ है। उक्त तीनों ही ग्राम जनपद के बहुत बडे ग्रामों में शुमार हैं लेकिन अब उक्त ग्रामों के कार्य को आगे बढाने हेतु तत्परता से कार्य किया जा रहा है। चकबन्दी लेखपाल की कमी के फलस्वरूप 14 ग्रामों में चकबन्दी कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है।

---

### विद्यालय समय पूर्व छात्रवृत्ति फॉर्म का कार्य पूर्ण करें

# 02 अक्टूबर को विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को वितरित होगी छात्रवृत्ति की धनराशि

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 में 02 अक्टूबर 2025 को वृहद स्तर छात्रवृत्ति वितरण के निर्देश दिये है। जनपद की समस्त शिक्षण संस्थायें कक्षा-9,10,11 एवं 12 के छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति डाटा को 31 अगस्त 2025 तक (विशेषकर नवीनीकरण डाटा को) अग्रसारित किया जायेगा एवं दिनांक 07 सितम्बर, 2025 तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा छात्र संख्या एवं सीट संख्या को सत्यापित करते है। ताकि छात्रवृत्ति डाटा को राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र लखनऊ एवं जिला स्तरीय स्वीकृति समिति के समक्ष 25 सितम्बर 2025 तक प्रस्तुत किया जा सके।

जनपद की समस्त शिक्षण संस्थान अपने नोटिस बोर्ड पर छात्रवृत्ति समय-सारिणी को अनिवार्य रूप से चस्पा करना सुनिश्चित कर दें, ताकि कोई पात्र छात्र/छात्रा जानकारी के अभाव में इस योजना से वंचित न रह सके। छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में बैंक खाता का विवरण सावधानी से अंकित किया जाये। छात्रवृत्ति का प्रेषण आधार बेस्ड पेयमेण्ट सिस्टम के माध्यम से किया जाता है। बैंक खाते में 03 माह से अधिक तक लेन-देन न करना, बैंक खाता में अधिकतम धनराशि की सीमा निर्धारित होना, एक से अधिक बैंक खाते होने पर एक खाता में आधार डिसीडेड होना, बैंक खाता इन ऑपरेटिव होना, आदि ऐसे कारण है, जिससे छात्रवृत्ति की धनराशि प्रेषित करने पर ट्राजेक्शन फेल हो जाता है। शिक्षण संस्थायें समस्त छात्र/छात्राओं को इस सम्बन्ध में अवश्य जागरूक कर दें, कि वह एक ही बैंक में खाता संचालित करें। अन्यथा कि स्थिति में छात्र/छात्रायें छात्रवृत्ति योजना के लाभान्वित से वंचित हो सकते है।

---

### एचआईवी एड्स के कारण एवं इसकी रोकथाम के विषय में दी जानकारी

# सोसाइटी फोर प्रगति भारत के तत्वावधान में एड्स विषय पर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




केपीएस पीजी कॉलेज काकरुआ में एचआईवी एड्स कार्यक्रम की कार्य कार्यशाला का शुभारम्भ कॉलेज की डायरेक्टर डॉ० लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश एवं आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच, कांउसलर जशोदा देवी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम में पधारे हुये जशोदा देवी राजकुंवर, रानी, रविन्द्र, आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये राजकुंवर ने कहा कि यह एक योन जनित रोग है जानकारी एवं जागरूकता ही इसका बचाव है। कांउसलर जशोदा देवी ने कहा कि एचआईवी संक्रमण के अनेक कारण हैं। जैसे संक्रमित सुई, संक्रमित व्यक्ति का खून एवं असुरक्षित यौन संबंध आदि। डॉ० लतिका सुडेले ने कहा कि इस विषय पर हमें अधिक जागरूक एवं सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि एच०आई०वी संक्रमण से बचने के लिए संक्रमित व्यक्ति के रक्त एवं संक्रमित सुई के सम्पर्क से परहेज करना चाहिए आईक्यूएसी० प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि एच०आई०वी संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर तुरन्त स्वास्थ्य केन्द्र जाकर जाँच करायें एवं संबंधित चिकित्सक से परामर्श करें।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और शिक्षाशास्त्र प्रवक्ता दिनेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि०प्रो० दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान आदि मौजूद थे।

---

# अपना दल(एस) ने सपेरा समाज की समस्याओं का उठाया मुद्दा, एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** जिले में सपेरा जाति के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने की मांग को लेकर अपना दल(एस) के जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि लंबे समय से सपेरा जाति के लोगों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हो रहे हैं, जिससे छात्रों को शिक्षा, छात्रवृत्ति तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में शामिल पार्टी के जिला महासचिव सोहनलाल निरंजन ने कहा कि शासन स्तर से सपेरा जाति को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया गया है, बावजूद इसके स्थानीय स्तर पर प्रमाण पत्र बनाने में टालमटोल की जा रही है। इससे समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द सपेरा समाज के पात्र लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाएं ताकि उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके और वे शैक्षिक व सामाजिक रूप से आगे बढ़ सकें। इस दौरान जिला अध्यक्ष चिकित्सा मंच से डॉ. संजय विश्वकर्मा, मनोज नाथ, जगदीश बैगा, कपूरनाथ, मजबूत, रूपलाल बेगा एवं जगदीश बैगा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

---

### बाल विवाह रोकथाम के लिए ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण

# बालविवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन और यूनिसेफ का संयुक्त प्रयास जारी

**ललितपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद को बाल विवाह मुक्त करने हेतु विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए इसकी लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्य योजना विकसित की गयी।

इसी क्रम मे अगली कार्य योजना के अनुपालन में ब्लाक स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला के आयोजन का प्रारंभ विकास खंड तालबेहट से किया गया विकास खंड सभागार एवं ब्लाक संसाधन केंद्र में विभागवार कुल 4 सत्र आयोजित किये गये जिसमें महिला कल्याण, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग बाल पुष्टाहार, आजीविका मिशन तथा पंचायतीराज विभाग द्वारा नामित कार्मिकों एवं विकास खंड स्तरीय लगभग 270 कार्मिको एवं अधिकारियो प्रशिक्षित किया गया, प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से जनपद ललितपुर में बाल विवाह की स्थिति, इसकी रोकथाम हेतु सामजिक व्यवहार परिवर्तन प्रणाली, दुष्परिणाम तथा इस कुरीति को समाप्त करने में विभिन्न विभागों के द्वारा अपेक्षित सहयोग पर चर्चा की गयी है इसके साथ साथ समुदाय स्तर पर आयोजित होने वाली गतिविधियों की रिपोर्टिंग प्रणाली पर चर्चा की गयी, उक्त प्रशिक्षण यूनिसेफ के द्वारा नामित प्रतिनिधियों द्वारा दिया। ग्राम पंचायतों व स्कूलों में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया।

---

# दिगम्बरत्व वासना का नहीं उपासना का प्रतीक : आचार्य निर्भय सागर



**ललितपुर।** वैज्ञानिक संत आचार्यश्री निर्भयसागर जी ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा हमारा देश सहिष्णुता और सर्वधर्म समभाव का धर्म है। दिगम्बरत्व हमारी संस्कृति है और विश्वव्यापी धर्म है। दिगम्बरत्व हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है क्योंकि दिगम्बरत्व वासना का नहीं उपासना का प्रतीक है, दिगम्बरत्व प्रर्दशन का नहीं आत्मदर्शन का प्रतीक है, दिगम्बरत्व आत्म साधना के लिए है साधनों के लिए नहीं।

आचार्य श्री ने कहा दिगंबरत्व से मुक्ति है ब्रह्मा के अंश बनकर नंगे ही जन्मे है लेकिन विषयवासना आने के कारण पर्दे में रहने का भी निर्देश है। जैन मुनि का दिगंबर निश्चल, निष्कपट और विषय वासना से रहित होने का द्योतक है। परमात्मा की प्राप्ति उसे ही होती है जो निश्चल, निष्कपट और वासना से रहित होता है। संत वही है जिसने अपने संसार का अंत कर लिया है। जो सच्चा ज्ञान सच्ची आस्था सच्चा आचरण से युक्त होता है। सच्चे साधु की सेवा करने से मनोवांछित एलएमफल की प्राप्ति होती है। धर्म सभा के प्रारंभ में सत्तोदय तीर्थ अतिशय क्षेत्र सीरोन अध्यक्ष सतीश जैन बजाज,आनन्द जैन,मनोज जैन,मुकेश जैन,संजय जैन मोदी, विजय जैन लागोंन, नगर पालिका पार्षद आलोक जैन मयूर ने आचार्यश्री को श्रीफल अर्पित कर पाद्प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट किया। जिन्हें दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ अक्षय टडया, महामंत्री आकाश जैन कैप्टन राजकुमार जैन, सनत खजुरिया, अमित जैन सराफ,आदि ने सम्मानित किया।

---

# विश्व मच्छर दिवस जागरुकता दिवस के रूप में मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता में विश्व मच्छर दिवस मनाया गया। गोष्ठी में जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने विश्व मलेरिया दिवस मनाये जाने के कारणों एवं उसकी प्रासंगगिकता के बारे में विस्तार से बताया एवं इसके साथ ही उन्होनें मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि के कारण लक्षण और बचाव के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक समझाया। गोष्ठी में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि डेंगू बुखार एक वायरल बुखार है, जिसमें बुखार के साथ कुछ लक्षण जैसे- बुखार के साथ तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, ऑखो के पीछे दर्द, त्वचा पर चकत्ते पड़ना एवं उल्टी आदि भी हो सकते साथ ही बुखार आने पर घबराएं नहीं तथा रोगी को निकट के सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपचार दिलवायें। बुखार उतारने के लिए एवं अन्य दवाईयां चिकित्सक की सलाह से ही लें। सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जॉच की सुविधा उपलब्ध है। इसमें विशेष रूप से प्लेटलेट्स कम होने पर ही स्थिति बिगड़ने की सम्भावना होती है। बुखार आने पर किसी भी नीम हकीम से उपचार न लें। केवल प्रशिक्षित चिकित्सक से ही उपचार करायें। डेंगू एडीज एजिप्टाई मच्छर द्वारा काटने से होता है, इस मच्छर पर काली सफेद धारियां होती हैं, इसलिए इसे टाइगर मॉस्कीटो भी कहते हैं। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रूके हुए साफ पानी में पनपता है। अतः घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। पानी की टंकी, कूलर, पशु पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे, गमले आदि का पानी नियमित रूप से बदलते रहें। नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर आदि में पानी एकत्रित न होने दें एवं ऐसे पात्रों को नष्ट कर दें। पानी के भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखें। डेंगू का मच्छर दिन में काटता है। अतः ऐसे कपड़े पहने जिसमें शरीर का अधिकतम भाग ढका रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बरसात के मौसम में पानी के जलजमाव के कारण मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो जाती है, जिससे मच्छर से फैलने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

#### विश्व मलेरिया दिवस जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया

**ललितपुर।** सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता में विश्व मच्छर दिवस मनाया गया। गोष्ठी में जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने विश्व मलेरिया दिवस मनाये जाने के कारणों एवं उसकी प्रासंगगिकता के बारे में विस्तार से बताया एवं इसके साथ ही उन्होनें मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि के कारण लक्षण और बचाव के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक समझाया। गोष्ठी में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि डेंगू बुखार एक वायरल बुखार है, जिसमें बुखार के साथ कुछ लक्षण जैसे- बुखार के साथ तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, ऑखो के पीछे दर्द, त्वचा पर चकत्ते पडना एवं उल्टी आदि भी हो सकते। साथ ही बुखार आने पर घबराएं नहीं तथा रोगी को निकट के सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपचार दिलवायें। बुखार उतारने के लिए एवं अन्य दवाईयां चिकित्सक की सलाह से ही लें। सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। इसमें विशेष रूप से प्लेटलेट्स कम होने पर ही स्थिति बिगडने की सम्भावना होती है। बुखार आने पर किसी भी नीम हकीम से उपचार न लें। केवल प्रशिक्षित चिकित्सक से ही उपचार करायें। डेंगू एडीज एजिप्टाई मच्छर द्वारा काटने से होता है, इस मच्छर पर काली सफेद धारियां होती हैं, इसलिए इसे टाइगर मॉस्कीटो भी कहते हैं। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रूके हुए साफ पानी में पनपता है। अतः घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। पानी की टंकी, कूलर, पशु पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे, गमले आदि का पानी नियमित रूप से बदलते रहें। नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर आदि में पानी एकत्रित न होने दें एवं ऐसे पात्रों को नष्ट कर दें। पानी के भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखें। डेंगू का मच्छर दिन में काटता है। अतः ऐसे कपड़े पहने जिसमें शरीर का अधिकतम भाग ढका रहे। बताया कि बरसात के मौसम में पानी के जलजमाव के कारण मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो जाती है, जिससे मच्छर से फैलने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस कारण इस समय सावधान और जागरूक रहकर कहीं पर भी जलजमाव नहीं होने देना है। और जनमानस को बचाव के सम्बन्ध में जागरूक करते रहना है जिससे मच्छर जनित बीमारियों (मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया आदि)। को फैलने से रोका जा सके।

---

### कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी को जयन्ती पर किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर


जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे जिला अस्पताल में भारतरत्न, कम्प्यूटर युग के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जन्म जयंती मनाई गई, जिस मे सबसे पहले कांग्रेस कर्यकर्ताओ ने राजीव गांधी के चित्र पर मल्यार्पण कर याद किया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि राजीव गाँधी के बताये गये रास्ते पर चल कर ही देश को खुशहाली के रास्ते पर ले जा सकते है। उन्होंने कहा कि देश आई.टी. क्षेत्र मे सबसे पहले ले जाने के कारण ही देश मे कम्प्यूटर और मोबाइल के क्षेत्र में व आई.टी.क्षेत्र देश प्रगति हो सकी उन का योगदान देश कभी भूल नहीं सकता। नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि राजीव गांधी की दूर दर्शी सोच के कारण ही आज पंचायती राज देश मे लागू हो सका, जिससे गरीब जनता को आर्थिक लाभ गरीब वंचितों को मिल सका और ग्राम सभाओं में समृद्धि आयी। महासचिव मु.इमरान ने कहा राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच से आज युवा वर्ग को बोट देने का अधिकार प्राप्त हो सका।

जिला शिक्षा अधिकारी ने डीएलएड, डीएड की मार्कशीट जांच के लिए संबंधित बोर्ड को भेजी

# शिकायत पर शिक्षकों की फर्जी अंकसूची की जांच शुरू, मंगलवार को जांच के लिए पहुंचे 9 शिक्षक

*सही जांच हुई तो कई शिक्षकों की नौकरियों पर आ सकता है संकट, लीपा-पोती की संभावना से नहीं इंकार*





कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ जिला राजगढ़

क्र./सी.एम.ई./2025/3271 राजगढ़, दिनांक 18.08.2025

प्रति,

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी(समस्त),
जिला – राजगढ़

विषय :– फर्जी डीएलएड/डीएड अंकसूची से सम्बन्धित संबेत शिकायतों के संबंध में।

—000000—

विषयान्तर्गत लेख है कि निम्न 21 शिकायतें आपकी ओर प्रेषित है इन शिकायतों में उल्लेखित शिक्षकों को दिनांक 19.08.2025 दोपहर 0200 बजे जिला शिक्षा कार्यालय राजगढ़ में मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें।

अनुपस्थिति की दशा में यह माना जावेगा कि उक्त शिक्षक अपने दस्तावेजों की जॉच नहीं करवाना चाहते है।

| क्र. | शिक्षक का नाम | ब्लॉक | संस्था का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री राधेश्याम लववंशी | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.जीतपुरा(23300211001) |
| 02 | श्री ब्रजमोहन दांगी | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.बैरियाखेडी |
| 03 | श्री जगदीश दांगी | ब्यावरा | शा.उ.मा.वि.गिलखेडिया |
| 04 | श्री बसंत शिवहरे | ब्यावरा | शा.प्रा.वि. [illegible] खुर्द |
| 05 | श्री राहुल यादव | ब्यावरा | शा.मा.वि.पतलापानी |
| 06 | श्री नेम सिंह मीना | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.खजुरियामहाराजा |
| 07 | श्री हेमंत शर्मा | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.भगवतीपुर |
| 08 | श्रीमती राधा दांगी | ब्यावरा | शा.उ.मा.वि.खजुरिया |
| 09 | श्री जगदीश दांगी | ब्यावरा | शा.मा.वि.पाडली महाराजा |
| 10 | श्रीमती सावित्री दांगी | ब्यावरा | शा.मा.वि.पाडली महाराजा |
| 11 | श्री बनेसिंह मीना | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.गलियाखेडी |
| 12 | श्री भारत सिंह यादव | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.आगर |
| 13 | श्री रमेश चंद | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.आगरी |
| 14 | श्री हरीप्रसाद लववंशी | ब्यावरा | शा.मा.वि.पाडलीमहाराजा |
| 15 | श्री मुकेश मीना | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.सेलखेडा |
| 16 | श्री पवन शर्मा | ब्यावरा | शा.मा.वि.आगर |
| 17 | श्री सुनील प्रजापति | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.सेलखेडा |
| 18 | श्री मांगीलाल दांगी | खिलचीपुर | शा.प्रा.वि.[illegible](23300502901) |
| 19 | श्री भेरुलाल दांगी | जीरापुर | शा.प्रा.वि.संगरा |
| 20 | श्री राजमल दांगी | सारंगपुर | शा.प्रा.वि.[illegible] |
| 21 | श्री हिम्मत सिंह मीना | नरसिंहगढ़ | शा.प्रा.वि.चापरीकला |

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 18 अगस्त को समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को जारी एक सूचना पत्र द्वारा संबंधित शिक्षकों को डीईओ कार्यालय में 19 अगस्त मंगलवार को 2 बजे उपस्थित होकर अपने डीएलएड व डीएड की अंकसूची की जांच करवाना थी। जिला अधिकारी ने यह आदेश इस लिए निकाली की उनके पास संबंधित शिक्षकों की अंकसूची की जांच को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी इसी को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया था परंतु इसमें कहा कमी रह गई की जहां आज 21 शिक्षकों को मौजूद होना था वहां पर मात्र 9 शिक्षक ही मौजूद हो पाए इससे समझा जा सकता है कि शिक्षा विभाग के जिला अधिकारी का आदेश भी शिक्षक किस स्तर से लेते है। जिन 9 शिक्षकों की अंकसूचियां पर संदेह लगा उन्हें संबंधित बोर्ड या यूनिवर्सिटी को सत्यापन के लिए भेज दिया गया है।

## आज भी होगीं अंकसूचियां चेक

जिला शिक्षा अधिकारी करन सिंह भिलाला का कहना है कि हमने एक दिन की ओर छूट दी है कि संबंधित शिक्षक आए और अपनी अंकसूचियों की मूल प्रति दिखाए जिससे जांच के उपरांत शिकायतों को दूर किया जा सके परंतु शिक्षकों की लापरवाही इस मामले को ओर बडा रही है। कई शिक्षाविदों का कहना है कि यदि एक दशक पूर्व हुई शिक्षक भर्तियों की जांच की जाए तो ब्यावरा ब्लॉक में चैकानें वाले मामले सामने आ सकते है।

## इन शिक्षकों की अंकसूची पर मिल रही हैं लगातार शिकायतें

यह वहीं शिक्षक है जिनकी नियुक्ति को लेकर कई शिकायतें विभाग के पास पहुंची है और इनकी अंकसूची को लेकर संदेह जताया जा रहा है। जिनकी डीएलएड और डीएड को लेकर संदेह ज्यादा है जिसको लेकर जिलाशिक्षाधिकारी ने मूल दस्तावेज के साथ जिला कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है।

### इनका कहना है

संबंधित शिक्षकों को लेकर विभाग को लगातार शिकायतें मिलने के कारण मूल दस्तावेजों की जांच की जा रही है और संदेह होने पर बोर्ड या यूनिवर्सिटी का सत्यापन भी मांगा जा रहा है।

**करन सिंह भिलाला**, जिला शिक्षाधिकारी राजगढ़

| शिक्षक का नाम | ब्लॉक |
|---|---|
| राधेश्याम लववंशी | ब्यावरा |
| ब्रजमोहन दांगी | ब्यावरा |
| जगदीश दांगी | ब्यावरा |
| बसंत शिवहरे | ब्यावरा |
| राहुल यादव | ब्यावरा |
| नेमसिंह मीना | ब्यावरा |
| हेमंत शर्मा | ब्यावरा |
| राधा दांगी | ब्यावरा |
| जगदीश दांगी | ब्यावरा |
| सावित्री दांगी | ब्यावरा |
| बनेसिंह मीना | ब्यावरा |
| भारत सिंह यादव | ब्यावरा |
| रमेश चंद्र | ब्यावरा |
| हरीप्रसाद लववंशी | ब्यावरा |
| मुकेश मीना | ब्यावरा |
| पवन शर्मा | ब्यावरा |
| सुनील प्रजापति | ब्यावरा |
| मांगीलाल दांगी | खिलचीपुर |
| भेरूलाल दांगी | जीरापुर |
| राजगल दांगी | सारंगपुर |
| हिम्मत सिंह मीना | नरसिंहगढ़ |

बैठक में लिया निर्णय

# खोयरी मंदिर पर बंदरों का आंतक रोकने लगेंगी स्टील की जालियां



**राजगढ़।** क्षेत्र के प्रसिद्ध बैजनाथ खोयरी महादेव धाम पर श्रावण मास सहित अन्य दिनों में अनेकों श्रृद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। समूचे मंदिर परिसर के आसपास चूंकि वन्य क्षेत्र है, ऐसे में यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बंदर आकर उत्पात मचाते हैं। इन बंदरों के कारण मंदिर आने वाले श्रृद्धालुओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी बंदरों के झुंड श्रृद्धालुओं के हाथ से पूजा-सामग्री छुड़ाकर भाग जाते हैं तो कभी श्रृद्धालुओं को ही चोटिल कर दिया करते हैं। ऐसे में खोयरी महादेव मंदिर समिति पदाधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर को स्टील की जालियों से पूरी तरह कवर्ड करने धर्मस्व विभाग को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। ट्रस्ट के संरक्षक पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुए आय-व्यय की जानकारी सभी के सम्मुख प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही ट्रस्ट में अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने पर भी चर्चा की गई। इस वर्ष ट्रस्ट से 38 नए सदस्य जुड़े हैं। बैठक में ट्रस्टी अशोक गुप्ता, मुकेश विजयवर्गीय, डॉ. देवनारायण जोशी, कमल सिंह तंवर, हरिसिंह दांगी, पं. हेमेंद्र शर्मा, वीरेंद्र सिंह झाला, पुरुषोत्तम सोनी, दीपक शर्मा, राम विजयवर्गीय, प्रबंधक केसी कोसरवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## निर्माण कार्यों को गति देने नपा से किया आगृह

खोयरी महादेव मंदिर परिसर में नगर पालिका द्वारा विकास कार्य भी करवाए जा रहे हैं लेकिन यह कार्य काफी धीमी गति से हो रहे हैं। ऐसे में नपा प्रबंधन से आगृह किया गया है कि विकास कार्यों में गति लाई जाए। बैठक में दौरान खोयरी मंदिर के 40 वर्षों के सेवादार रहे चैनसिंह के निधन पर उन्हें श्रृद्धांजली भी अर्पित की गई। बैठक उपरान्त मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया।

एसडीएम कार्यालय में हितग्राहियों की नहीं सुनी गुहार

# औपचारिक बनकर रह गई जनसुनवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

शासन द्वारा आम जनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिला व तहसील तथा ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई लगाने का नियम है,ताकि आम जनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके, लेकिन खिलचीपुर क्षेत्र के एसडीएम कार्यालय से लेकर क ई विभागों तथा ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई औपचारिक मात्र रह गई है ,वहीं आम जन दफ्तरों में अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु चक्कर लगाते हुए दिखाई देते हैं।

शासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई लगाना अनिवार्य है लेकिन खिलचीपुर में आज मंगलवार को एस डी एम कार्यालय में जनसुनवाई नहीं लगी ओर आस-पास क्षेत्र के आम जन निराश होकर दबे पैर शासन को कोसते हुए अपने -अपने घर लौट गये। अब इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि खिलचीपुर क्षैत्र के अन्य विभागों व ग्राम पंचायतों के क्या हाल होंगे।

### इनका कहना है

में आंगनवाड़ी की मीटिंग में थी। इस वजह से जनसुनवाई नहीं लग पाई।

अंकिता जैन,
एस डी एम खिलचीपुर




## गतका प्रतियोगिता में संभाग स्तर एवं राज्य स्तर पर हुआ चयन

**ब्यावरा।** संभागीय स्तरीय गतका प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. वि. ब्यावरा विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।विद्यालय की कक्षा 9जी की छात्रा पायल मैहर और कक्षा 10 का छात्र रघुवीर धनगर का चयन राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अब यह दोनों विद्यार्थी भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए आगामी अक्टूबर माह में भोपाल में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत त्रिपाठी, समिति के सचिव अशोक दांगी, प्राचार्य राजीव यादव, वरिष्ठ आचार्य गजेंद्र सिंह झाला एवं खेल शिक्षक किशन बैरागी एवं कोच आयुष मेवाड़े , संरक्षक प्रीति शुक्ला दीदी ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि से हर्ष का वातावरण है। विद्यालय परिवार आगामी खेल के लिए इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

समस्याओं को हल करने 1 हफ्ते का दिया अल्टीमेटम

# लीड महाविद्यालय की अव्यवस्थाओं पर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन, की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



कहने तो राजगढ़ कॉलेज जिले का लीड महाविद्यालय कहलाता है परन्तु विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिहाज से बात करें तो यहां कई तरह की अव्यवस्थाएं एवं कमियां व्याप्त हैं। इस अव्यवस्थाओं के चलते विद्यार्थियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज प्राचार्य विपिन बिहारी खरे को मंगलवार दोपहर एक ज्ञापन सौंपा।


ज्ञापन में उल्लेख है कि कॉलेज आने वाले विद्यार्थियों को अपने डॉक्यूमेंट जमा करने एवं कक्षाओं में जाने के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है। इसके साथ ही कॉलेज की अन्य समस्याओं का जिक्र उक्त ज्ञापन के माध्यम से करते हुए महाविद्यालय प्रबंधन को चेतावनी दी गई है कि यदि सात दिवस में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो एबीवीपी उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर अभाविप नगर मंत्री कुलदीप सिंगी, सहमंत्री आकाश, कॉलेज अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत, सोनू दांगी, हर्ष गुर्जर, हर्षवर्धन राठौड़ सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे।

नाबालिग से किया था दुराचार

# कोर्ट से 20 साल का कारावास प्राप्त दोषी शिक्षक को विभाग ने किया सेवा से पृथक

**राजगढ़।** एक नाबालिग बालिका से दुराचार के दोषी शिक्षक को विभाग द्वारा पूर्व में सस्पेंड किए जाने के बाद अब संबंधित उमावि शिक्षक को सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की गई है।

न्यायालय द्वारा उक्त शिक्षक पर दोष सिद्ध होने के बाद 20 साल की सजा सुनाई गई, जिसके चलते अब संबंधित दुराचारी शिक्षक को विभाग ने डिसमिस कर दिया है। लोक शिक्षण आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार कन्याशाला खिलचीपुर में पदस्थ उच्चतर माध्यमिक शिक्षक सतीश कुमार सौलंकी ने साल 2023 में एक नाबालिग से दुष्कर्म की घटना कारित की था। खिलचीपुर थाने में इस बारे में दुराचारी दीपक सोलंकी पर एफआईआर दर्ज होने के बाद विभाग ने उन्हे निलंबित कर दिया था। न्यायालय में दो साल तक चली सुनवाई में कोर्ट ने सतीश को दोषी करार देते हुए 27 जनवरी 2025 को सुनाए अपने फैंसले में उसे 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया। न्यायालय से मिली उक्त सजा सजा के चलते शिक्षक पद की गरिमा को धूल में मिलाने वाले सतीश सोलंकी को अब सेवा से पृथक करने का आदेश जारी किया गया है। सोमवार को खिलचीपुर क्षेत्र के कोयला प्रावि शाला के शिक्षक जगदीश प्रसाद दांगी को भी विभाग से सेवा से पृथक करने का आदेश जारी किया था।


लोक शिक्षण संचालनालय म0प्र0
गौतम नगर, भोपाल–462021
ई–मेल: est2-dpi@mp.gov.in

क. स्था–2/एच/उमाशि/अप.प्र./560/2025/1539 भोपाल, दिनांक 19/8/2025

//आदेश//

श्री सतीश कुमार सोलंकी, उच्च माध्यमिक शिक्षक (निलंबित), शा.क.उ.मा.वि. खिलचीपुर जिला राजगढ़ को आपराधिक प्रकरण क्रमांक 601/2023 दर्ज होने से जेल में निरुद्ध होने के कारण संचालनालय के आदेश क्रमांक [illegible] 23–24 दिनांक 03.01.2024 को निलंबित किया गया था।

2. तदुपरांत श्री सतीश कुमार सोलंकी उच्च माध्यमिक शिक्षक शा.क.उ.मा.वि खिलचीपुर जिला राजगढ़ के विरुद्ध थाना खिलचीपुर अंतर्गत अपराध क्र 601/2023 धारा 363, 366, 376 (2–एन), 376 (2), भारतीय दण्ड संहिता 1860 एवं धारा 5 (एफ) (एल)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं 3 (2) (5)/3 (2) (5ए) अनुसूचित एवं अनुसूचित जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 अंतर्गत दोष सिद्ध मानकर श्री [illegible] मंसूरी, विशेष न्यायाधीश राजगढ़ द्वारा निर्णय दिनांक 27.01.2025 को 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया।

3. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र के दिनांक 08.02.1999 के अनुसार शासकीय सेवक यदि किसी आपराधिक प्रकरण में न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध पाये जाते है जिसमें उनका नैतिक अधःपतन हो तो यह अपेक्षा है कि उसे मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10 (नौ) में प्रावधानित "सेवा से पदच्युत" करने की शास्ति अधिरोपित की जानी चाहिए। उक्त प्रकार के प्रकरणों में उच्चतम न्यायालय के न्याय दृष्टांत के अनुसार मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 19 सहपठित [illegible] 14 एवं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311 (2)(b) के अंतर्गत अपचारी शासकीय सेवक के विरुद्ध विस्तृत विभागीय जांच आवश्यक नहीं है।

4. अतः श्री सतीश कुमार सोलंकी उच्च माध्यमिक शिक्षक उच्च माध्यमिक शिक्षक, शा.क.उ.मा.वि. खिलचीपुर जिला राजगढ़ को आपराधिक प्रकरण में दोष सिद्ध होने तथा नैतिक अधःपतन होने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10(नौ) के तहत "सेवा से पदच्युत" (Dismissal) किया जाता है।

(शिल्पा गुप्ता)
आयुक्त
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

पृ. क. स्था–2/एच/उमाशि/अप.प्र./560/2025/1540 भोपाल, दिनांक 19/8/2025

प्रतिलिपि :–
1/ सचिव, म0प्र0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2/ महालेखाकार, ग्वालियर, म.प्र.।
3/ कलेक्टर जिला राजगढ़, म.प्र.।
4/ संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल संभाग भोपाल, म.प्र.।
5/ जिला कोषालय अधिकारी राजगढ़, म.प्र.।
6/ जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
7/ श्री सतीश कुमार सोलंकी (निलंबित) उच्च माध्यमिक शिक्षक शा.क.उ.मा.वि खिलचीपुर राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

आयुक्त
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के तत्वावधान में होगा आयोजित

# आगामी 24 को राजगढ़ में लगेगा विशाल रक्तदान शिविर


**राजगढ़।** जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में विभिन्न ग्रुप्स के रक्त की कमी बनी हुई है। आलम यह है कि इमरजेंसी केसेज वाले मरीजों को भी समय पर ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे में विभिन्न संगठनों द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहते हैं। इसी कड़ी में प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था द्वारा आगामी 24 अगस्त को खिलचीपुर नाके समीप स्थित अंजनीलाल मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया जा रहा है। संस्था प्रमुख मधु दीदी ने बताया कि संस्था की पूर्व प्रशासिका प्रकाशमणिजी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करवाया जाएगा।



यह शिविर सर्व समाज के व्यक्तियों, संस्थाओं, समितियों के सहयोग से आयोजित होगा। शिविर की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को लेकर संस्था के सेवाकेंद्र में नगर के प्रबुद्धजनों एवं संस्था से जुड़े पदाधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के बारे में सभी को जानकारी प्रदान करते हुए सुझाव आमंत्रित किए गए। शिविर हेतु गायत्री परिवार, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, कृपा वेलफेयर सोसायटी, गौसेवा समिति, विजयवर्गीय समाज, मेड़तवाल समाज, ब्रहामण समाज, सोनी समाज, मेवाड़े समाज, करणी सेना, विद्यार्थी परिषद सहित अन्य समाजों एवं संस्थाओं से आयोजन को सफल बनाने का आश्वासन मिला है।

# श्री खाटू श्याम मंदिर का हुआ अद्भुत श्रृंगार

## एकादशी पर उमड़ी श्रद्धालओं की भीड़



**ब्यावरा।** स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में अजा एकादशी पर भक्तों की अभूतपूर्व भीड़ देखी गई। मंदिर प्रबंधन ने उज्जैन से 51 किलो लाल गुलाब मंगवाकर बाबा का विशेष श्रृंगार किया। मंदिर परिसर को इस अवसर पर सजाया गया। सुबह की आरती से ही भक्तों का आगमन शुरू हो गया। दोपहर और संध्या आरती में भी श्रद्धालुओं की भारी संख्या रही। शहर के साथ-साथ आसपास के गांवों और जिले भर से लोग दर्शन के लिए पहुंचे। एक दिन में लगभग 70 हजार भक्तों ने बाबा के दर्शन किए। कई गांवों से निशान यात्राएं ढोल और डीजे के साथ मंदिर पहुंचीं। भक्त उत्साह से नृत्य करते हुए चल रहे थे। शहर के पिंजरा गली स्थित काली माता मंदिर से भी एक निशान यात्रा निकली। ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक बाबा को निशान समर्पित किए।अजा एकादशी का विशेष महत्व है। यह भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। यह 24 एकादशी व्रतों में से एक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन व्रत रखने और श्रीहरि का स्मरण करने से पाप नष्ट होते हैं। साथ ही आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मंदिर में हर एकादशी को हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। अजा एकादशी के अवसर पर भारी भीड़ को देखते हुए सिटी थाने से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। इसके अलावा नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं को भी व्यवस्था के लिए लगाया गया। अधिक भीड़ होने के कारण हाइवे का रूट डायवर्ट किया गया। जिससे आने जाने वाले सभी वाहनों को एक ही लेन से निकाला गया।

एनएफएल प्रबंधन पर वेतन और ओवर टाइम का पैसा न देने का आरोप

# सपा ने की बाढ़ के मृतकों के परिवारों को सरकारी नौकरी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं और बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ जन सुनवाई में एक मांग पत्र देकर बाढ़ के मृतकों परिवारों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग जिला प्रशासन से की है। इस संदर्भ में दिए गए ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बाढ़ के पानी में बहकर लक्ष्मीनारायण पुत्र मान सिंह कोरी की मृत्यु हो जाने के साथ ही बाढ़ के दौरान से लापता बबलू पुत्र ऊधम सिंह कुशवाह के मामले को उठाते हुए उसे तलाशे जाने की मांग की है। उन्होंने दोनों मामलों में मृतकों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की है। इसी तरह पार्टी ने मुगलपुर निवासी सीताराम की बाढ़ के दौरान मौत हो जाने के मामले को उठाते हुए मृतक के परिवार में नौकरी की। मांग की है। वहीं उन्होंने इन सभी के आश्रितों को 50-50 लाख रुपए की सहायता राशि भी देने की मांग की है।



## कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहा समय पर वेतन

एनएफएल में काम कर रही द इंपीरियल इलेक्ट्रिकल में कार्यरत कर्मचारियों ने प्रबंधन पर वेतन और ओवर टाइम का पैसा न देने के आरोप लगाते हुए आज दोपहर में जन सुनवाई में जिला प्रशासन से शिकायत की है। इस संदर्भ में कंपनी के लिए काम करने वाले कर्मचारियों ने लेखी शिकायत करते हुए कहा है कि वे द इंपीरियल इलेक्टिकल के ठेकेदार प्रदीप कपूर के लिए कार्य करते हैं।

कर्मचारियों का आरोप है कि उक्त ठेकेदार द्वारा माह मई और जून का आज तक उन्हें ओवर टाइम का पैसा नहीं दिया है, यही नहीं ओवर टाइम सहित जुलाई माह का वेतन भी उन्हें अभी तक नहीं मिल पाया है। इन कर्मचारियों के अनुसार वे पिछले एक वर्ष से इसी तरह की परेशानी झेल रहे हैं। ठेकेदार द्वारा कभी भी समय पर वेतन नहीं दिया जाता है, जबकि वेतन के लिए प्रत्येक माह की 7 तारीख तय है, लेकिन उन्हें हर माह 20 तारीख के बाद ही वेतन मिल पाता है, जिससे सभी कर्मचारियों को हर माह में ही आर्थिक परेशानी उठाना पड़ रही है।

यही नहीं इस आशय की जानकारी एनएफएल मैनेजमेंट को देने के बाद भी समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया है। इसी कारण से उक्त सभी कर्मचारी गत दिवस से काम बंद कर हड़ताल पर भी चले गए हैं। इसी पर से इन कर्मचारियों ने सभी के लंबित वेतन और ओवर टाइम का पैसा दिलाने के साथ ही हर माह की 7 तारीख तक वेतन दिलाने की मांग की है।